Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 07-03-2007

Participants : Singh Shri Prabhunath

Title: Need to start construction work of Maharajganj-Mashrak railway line -laid.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : महोदय, बिहार प्रांत का महाराजगंज, जहां सिवान जिले का प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र है, वहीं मशरक सारण जिले का प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र भी है। अंग्रेजी हुकूमत के समय छपरा से जो रेल लाइन निकली थी, उसका अंतिम छोर मशरक ही हुआ करता था। स्वतंत्रता के बाद उसका गोरखपुर तक विस्तार किया गया। दूसरी तरफ छपरा से गोरखपुर वाया एकमा, दुरौदा, रेल लाइन जाती है, जिसके मध्य में दुरौंदा से मात्र 6 कि0मी0 की दूरी पर महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय अवस्थित है। दुरौंदा से महाराजगंज रेल लाईन चालू है, परन्तु बीच की दूरी जो महाराजगंज से मशरक की है नहीं जुटने के कारण व्यवसाय पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। इस रेल लाईन के चालू हो जाने से सारण जिला का मशरक एवं सिवान जिला का महाराजगंज प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र आपस में जुड़ जायेगा। महाराजगंज-मशरक रेल लाईन चालू होने से जहां व्यवसाय की बढ़ोत्तरी होगी वहीं ग्रामीण इलाके के लोगों को भी आवागमन में काफी सुविधा होगी। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में इस रेल लाईन का शिल्यानास किया जा चुका है, परन्तु अभी तक इस रेल लाइन को चालू नहीं किया जा सका है।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार द्वारा स्वीकृति महाराजगंज-मशरक रेल लाईन का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की मांग करता हूं।